प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग को सशक्त और तकनीक आधारित कार्यप्रणाली अपनाना ज़रूरी है। आज शिमला में लोक निर्माण विभागों में गुणवत्ता आश्वासन विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर्राज्यीय संवाद सत्र की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में हिमाचल ने कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है और इस दौरान लोक निर्माण विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। ——बाईट——मुख्यमंत्री——

संवाद सत्र को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकों को अपनाना वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न चुनौतियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि उत्तर भारत में नई कार्य प्रणालियों व नवाचार आधारित समाधानों की आवश्यकता है। इस संवाद सत्र में हिमाचल सहित जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों व अभियंताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरकार – 12 वर्ष – सशक्त भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू

एनटीए परीक्षा तैयारी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए की कल होने वाली नीट यूजी पुनः परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। एनटीए ने एक वक्तव्य में कहा कि पुनः परीक्षा देश के पांच सौ 51 शहरों और विदेश के 14 शहरों में संचालित की जायेगी। 22 लाख 79 हजार से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग लेंगे।

इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर नीट परीक्षा के आयोजन को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कांगड़ा ज़िला में 12 परीक्षा केन्द्रों में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारियों के साथ इस बार आई.टी.बी.पी की सेवाएं भी ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीव कैमरें और जैमर भी लगाए जाएंगे।

योग दिवस 2026 – समारोह

कल दुनियांभर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है जो सभी आयु वर्ग के लिए योग के महत्व पर बल देता है। संस्कृति मंत्रालय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योग परंपराओं को दर्शाते हुए देश भर में सौ स्थानों पर विशेष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित किया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के समन्वित प्रयासों से, इस वर्ष विश्व भर में लगभग 25 सौ स्थानों पर योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में 2 सौ 10 से अधिक भारतीय दूतावासों की भागीदारी सामूहिक कल्याण के लिए एक वैश्विक आंदोलन के रूप में योग की भूमिका को दर्शाती है।